सं.ए. 20011/26/2018-हिंदी/Hindi
भारत सरकार/ Government of India
गृह मंत्रालय / Ministry of Home Affairs
समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार
Directorate of Coordination Police Wireless

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खण्ड सं-9 के.स.का परिसर/Block No.9, C.G.O., Complex,
लोधी रोड ,नई दिल्ली/Lodhi Road, New Delhi-3
दिनांक/Date:- 26 सितम्बर, 2025

**विषय : सरकारी कामकाज में टिप्पण/आलेखन आदि मूल रूप से हिंदी में करने के लिए प्रोत्साहन योजना के संबंध में ।**

उपर्युक्त विषय पर गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के 16 फरवरी, 1988 के कार्यालय ज्ञापन संख्या-II 12013/3/87-रा.भा. (क-2) द्वारा परिचालित अनुदेशों के अनुपालन में इस निदेशालय के मुख्यालय और अंतर राज्य पुलिस बेतार स्टेशनों के अधिकारियों और कर्मचारियों को जो अपना सरकारी कामकाज हिंदी मे करते है, को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से निदेशालय में प्रोत्साहन योजना लागू की जाती है।

2. उपर्युक्त योजना में कार्यालय के लिए नकद पुरस्कार की राशि निम्नलिखित है :-

| | |
|---|---|
| **पहला पुरस्कार (दो पुरस्कार)** | **5000/-रुपये प्रत्येक** |
| **दूसरा पुरस्कार (तीन पुरस्कार)** | **3000/-रुपये प्रत्येक** |
| **तीसरी पुरस्कार (पाँच पुरस्कार)** | **2000/-रुपये प्रत्येक** |

3. अपना पूर्ण/आँशिक कामकाज मूलरुप से हिंदी में करने वाले सभी श्रेणी के कर्मचारी और अधिकारी जो **'क' और 'ख'** क्षेत्र में कार्यरत है द्वारा एक वर्ष में कम से कम 20,000 शब्द तथा **'ग'** क्षेत्र में कार्यरत अधिकारी और कर्मचारी द्वारा एक वर्ष में कम से कम 10,000 शब्द हिंदी में लिखते हैं वे इस योजना में भाग ले सकते हैं।

4. अधिकारियों और कर्मचोरियों द्वारा किए गये हिंदी कार्य के मूल्यांकन के लिए मूल रुप से टिप्पण और आलेखन के अतिरिक्त हिंदी में किये गये अन्य कार्य जिनका सत्यापन किया जा सके जैसे रजिस्टरों में इन्दराज, सूचियां बनाना, लेखा कार्य आदि भी शामिल किये जा सकते है। **इस योजना के तहत कंप्यूटर ई-ऑफिस में हिंदी में किए गए टिप्पण आलेखन को भी शामिल किया जाएगा।**

5. जिन प्रतियोगियों की मातृभाषा तमिल, तेलगु, कन्नड़, मलयालम, बंगला, उड़िया और असमिया हैं उन्हें 20% तक अर्को का लाभ दिया जायेगा । ऐसे व्यक्ति अपने हिंदी मे किये गये कार्य का ब्यौरा भेजते समय अपनी मातृभाषा का भी उल्लेख करें।

6. कार्य का ब्यौरा शाखा अधिकारी/अनुभाग अधिकारी/ स्टेशन प्रभारी द्वारा प्रति माह प्रमाणित होना चाहिए और इसके साथ संलग्न नमूने के अनुसार एक प्रमाण पत्र भी दे कि प्रतियोगी द्वारा किए गए हिंदी कार्य का ब्यौरा सही है। अग्रेषित करने वाले अधिकारियों से यह भी अनुरोध है कि वह कार्य का ब्यौरा भेजते समय प्रत्येक प्रतियोगी के द्वारा किये गये कार्यों के 15-20 पृष्ठों की छाया प्रति भी संलग्न करे जिससे मूल्यांकन समिति द्वारा उनके विचारों की स्पष्टता हेतु अंक प्रदान किये जा सके ।

अभिषेक यादव
26/9/2025

Scanned with OKEN Scanner

7. मुख्यालय, पोलनेट हब स्टेशन, केन्द्रीय पुलिस रेडियो प्रशिक्षण संस्थान तथा अंतर राज्य पुलिस बेतार स्टेशनों के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे **01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025** तक हिंदी मे किए गये अपने कार्य का सम्पूर्ण ब्यौरा संलग्न प्रपत्र में भरकर नियंत्रण अधिकारी के हस्ताक्षर के साथ उचित माध्यम द्वारा **30 अक्टूबर, 2025** तक हिंदी अनुभाग को अवश्य भेजने का कष्ट करें, **इसके उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।**

8. यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया गया है ।

अभिषेक यादव
26/9/2025
(अभिषेक यादव)
सहायक निदेशक (राजभाषा)

**संलग्नक:** यथोपरि

**प्रतिलिपि:-**

1. निदेशक महोदय के निजी सचिव: कृपया सादर सूचनार्थ।
2. अपर निदेशक (मुख्यालय/संचालन) महोदय के निजी सचिव: कृपया सादर सूचनार्थ।
3. निदेशालय के सभी संयुक्त निदेशक/ उप निदेशक
4. सभी अनुभाग अधिकारी/लेखा अधिकारी, स.नि.पु.बे.
5. संयुक्त निदेशक, केन्द्रीय पुलिस रेडियो प्रशिक्षण संस्थान, वंदे मातरम मार्ग, नई दिल्ली
6. सहायक निदेशक, पोलनेट हब, समन्वय सदन, सिरी फोर्ट, नई दिल्ली
7. सभी अंतर राज्य पुलिस बेतार केंद्र प्रभारी: विभाग की वेबसाईट के माध्यम से।
8. सूचना व प्रौधोगिकी अनुभाग (वैबसाइट पर अपलोड करने हेतु)

Scanned with OKEN Scanner

# प्रपत्र

श्री/श्रीमती/कुमारी..............................पदनाम........................................अनुभाग/संस्थान /अंतर राज्य पुलिस बेतार स्टेशन...........................................द्वारा 01-04-2024 से 31-03-2025 तक हिंदी में किए गए सरकारी कार्य का ब्यौरा।

**(टिप्पणी)** - यह प्रपत्र नमूने के तौर पर है इस के आधार पर प्रपत्र तैयार करके प्रत्येक माह हिंदी कार्य का विवरण अलग-अलग भरा जाए। यह भी सुनिश्चित करें की सूचना पूर्ण एंव सही हो और वह अनुभाग/स्टेशन पर हिंदी कार्य के ब्योरे के रजिस्टर से मेल खाती हो। जिन फाइलों व रजिस्टरों इत्यादि में हिंदी में कार्य किया है उनका पूरा विवरण दें।

| क्र.सं. | तिथि | कुल फाइलों,रजिस्टरों आदि की संख्या जिनमे हिंदी में काम किया गया | हिंदी में लिखे गए टिप्पणी और आलेखन के शब्दों की संख्या | हिंदी में किए गए और काम | | तत्काल अधिकारी/उच्च अधिकारी के हस्ताक्षर (प्रत्येक माह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **संक्षिप्त ब्योरा** | **शब्दों की संख्या** | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |

**प्रमाण-पत्र**

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी........................................पदनाम.........................मातृभाषा......................जो कि अनुभाग/संस्थान/अंतर राज्य पुलिस बेतार स्टेशन........................................में कार्यरत हैं द्वारा 01.04.2024 से 31.03.2025 तक प्रस्तुत हिंदी में किए गए सरकारी कार्य का ब्योरा सही है। हिंदी में किए गए कार्य की प्रविष्टी अनुभाग/संस्थान/स्टेशन में उपलब्ध कराए गए रजिस्टर में की गई है तथा उस पर तत्काल अधिकारी/उच्च अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षर किए गए हैं।

**अग्रेषित करने वाले प्राधिकारी के**
**हस्ताक्षर एंव मोहर**

अभिषेक यादव
२६|७|२०२५

Scanned with OKEN Scanner